# AMRITA VIDYALAYAM
## ANNUAL EXAMINATION 2019 - 20

**Class : IX** **Marks : 80**
**Time : 3 hrs**

# हिन्दी

सामान्य निर्देश:
इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं – क, ख, ग और घ।
सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
यथासंभव प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर क्रम से लिखिए।
एक अंक के प्रश्नों का उत्तर लगभग 15–20 शब्दों में लिखिए।
दो अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 30–40 शब्दों में लिखिए।
तीन अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 60–70 शब्दों में लिखिए।
पाँच अंकों के प्रश्नों का उत्तर लगभग 120–150 शब्दों में लिखिए।

## खण्ड – क

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

आज से कुछेक दशक पहले यदि कोई हम से यह प्रश्न करता कि क्या रोबोट्स अच्छे अध्यापक साबित होंगे, तो निश्चित रूप से हमें प्रश्न करनेवाले की बुद्धि पर तरस आता, लेकिन आज के इस वैज्ञानिक युग में यह प्रश्न हमें कुछ सोचने को बाध्य करता है, मेरी दृष्टि में इसका उत्तर होगा नहीं, ऐसा इसलिए कि शिक्षक का काम सिर्फ शारीरिक ही नहीं, बल्कि मानसिक भी है और उसके साथ–साथ मनोवैज्ञनिक भी।

रोबोट एक मशीन है, जो मनुष्य के संकेत व निर्देश का अनुपालन करने में समर्थ है, उसमें भावनाओं का आरोह व अवरोह संभव नहीं है, जबकि एक शिक्षक में भावनाओं का होना आवश्यक ही नहीं अनिवार्य भी है। आज से नहीं, अपितु पुरातन काल से ही हमारे देश में गुरु–शिष्य की लंबी परंपरा रही है। क्या रोबोट के साथ यह परंपरा कायम रहेगी? गुरु और शिष्य का संबंध भावनात्मक धरातलपर अवस्थित होता है, गुरु के प्रति शिष्य के स्नेह में श्रद्धा व आदर का भाव होता है, लेकिन मशीनी मानव के प्रति शिष्य के हृदय में आदर और श्रद्धा के भाव नहीं पनप सकते, तब यह रोबोट द्वारा अध्यापक किए जाने पर अपने आपको संतुष्ट नहीं कर सकता। एक सरल अध्यापक के दौरान मनोवैज्ञानिक पद्धति का सहारा लेना होता है क्या रोबोट द्वारा अध्यापक में मनोवैज्ञानिक पद्धति का सहारा लेना संभव है?

क. आज से कुछ दशक पहले हमें किस विषय पर प्रश्न करनेवाले की बुद्धि पर तरस आता और क्यों? **2**

ख. शिक्षण–कार्य किस प्रकार का कार्य है? **2**

ग. रोबोट क्या है? इसमें क्या संभव नहीं है? **2**

घ. रोबोट और गुरु के द्वारा शिक्षण में क्या अंतर रहेगा और क्यों? **2**

ङ. गुरु के दो पर्यायवाची लिखिए। **1**

च. विपरीतार्थक लिखिए। **1**

पुरातन, निश्चित

## खंड - ख

**2. निम्नलिखित शब्दों का वर्ण विच्छेद कीजिए।** **2**

सैनिक, रेशम

**3. निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक चिह्नों का प्रयोग कीजिए।** **1**

आगन, घूघट

**4. निम्नलिखित शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग कीजिए।** **1**

कपन, सस्कार

**5. उचित स्थानों पर नुक्ता का प्रयोग कीजिए।** **1**

साफ, जिदा

**6.** 'प्रति' उपसर्ग के योग से दो शब्द बनाइए। **1**

**7.** 'इक' प्रत्यय लगाकर दो शब्द बनाइए। **1**

**8. संधि कीजिए।** **2**

सत् + आचार, निः + आशा, पुस्तक + आलय, महा + औषध

**9. संधि विच्छेद कीजिए।** **2**

संपूर्ण, प्रातःकाल, रजनीश, सेवार्थ

**10. निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्दों व उपसर्गों को अलग-अलग करके लिखिए।** **1**

अभिवादन, परिपूर्ण

**11. निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्दों व प्रत्ययों को अलग-अलग करके लिखिए।** **1**

पुजारिन, सौदागर

**12. निम्नलिखित वाक्य में उचित विराम चिह्न का प्रयोग कीजिए।** **3**

क. राजु रामू गोपू और वीरेंदू घूमने गए

ख. क्या करती क्या न करती कुछ भी समझ नहीं आ रहा था

ग. शिक्षक ने कहा घर जाओ

## खंड - ग

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर दीजिए।** **6**

क. कौन-सा आघात अप्रत्यशित था और उसका लेखक पर क्या प्रभाव पड़ा?

ख. लेखिका को देखकर 'की' हक्का-बक्का क्यों रह गया?

ग. कवियों की धारणा को लेखक ने युक्तिशून्य क्यों कहा है?

घ. महात्मागाँधी के धर्म-संबधी विचारों पर प्रकाश डालिए।

**14.** महादेव जी के किन गुणों ने उन्हें सबका लाड़ला बना दिया था? और उनकी लिखावट की क्या विशषताएँ थीं? **5**

अथवा

एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए कुल कितने कैंप बनाए गए? उसका वर्णन कीजिए।

**15. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन के उत्तर लिखिए।** **6**

क. अग्नि पथ नामक कविता का प्रतिपाद्य लिखिए।

ख. 'खुशबू रचनेवाले हाथ' कैसी परिस्थितियों में तथा कहाँ-कहाँ रहते हैं?

ग. आदमी की प्रवृत्तियों का उल्लेख आदमी नामा नामक कविता द्वारा लिखिए।

घ. मोती, मनुष्य, चून के संदर्भ में पानी के महत्व को स्पस्ट कीजिए।

**16.** एक फूल की चाह नामक कविता का प्रतिपाद्य लिखिए। **5**

अथवा

नए बस्ते इलाके में कवि रास्ता क्यों भूल जाता है?

**17.**क. 'दिए तल उठे' पाठ के आधार पर गाँधीजी की चारित्रिक दृढ़ता का परिचय दीजिए। **3**

ख. हामिद खाँ कहानी का सार अपने शब्दों में लिखिए। **3**

## खण्ड - घ

**18. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।** **6**

क. वृक्षारोपण
- वृक्षों की महत्व
- वन महोत्सव
- वृक्षों से लाभ
- हमारा कर्तव्य

ख. शिक्षा एवं खेलों में संतुलन।
- जीवन में शिक्षा तथा खेलों की उपयोगिता
- शिक्षा एवं खेलों में संतुलन अनिवार्य
- शिक्षा तथा खेलों का विद्यार्थियों पर प्रभाव

ग. प्रकृति प्रेम
- प्रकृति ईश्वर का वरदान
- विज्ञान प्रकृति के लिए अभिशाप

• प्राकृतिक असंतुलन के परिणाम

**19.** अपने छोटे भाई को सदाचार के महत्व पर एक पत्र लिखिए। **5**

अथवा

भोपाल में रहनेवाली अपनी सखी को दसवीं कक्षा में शानदार सफलता प्राप्त करने पर बधाई पत्र लिखिए।

**20.** मोबाइल फोन की उपयोगिता पर दो मित्रों के बीच में होनेवाले संवाद को लगभग 50 शब्दों में लिखिए। **5**

अथवा

बीमार दोस्त का हाल पूछते हुए दो दोस्तों का संवाद लिखिए।

**21.** साड़ियों की सेल लगी है। इससे संबंधित एक विज्ञापन तैयार कीजिए। **5**

अथवा

गर्मियों की छुट्टियों में पर्वतीय प्रदेश की यात्रा हेतु एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**22. दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर मन में उभरे विचारों को लगभग 20–30 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए। विचारों का वर्णन स्पस्ट रूप में चित्र से ही संबंध होना चाहिए।** **5**

